महत्वपूर्ण एवं खास

अवैध रूप से मादक पदार्थ का धंधा करने वालो पर कारवाई

बरमकेला। डोंगरीपाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अंचल मे रेड करते हुए कर रही है पर्दाफा. अवैध रूप से मादक पदार्थ का धंधा करने वालो पर लगातार कार्यवाही कर रही है. जिससे अंचल मे अवैध धंधा करने वालो पर खलबली मची हुई है. डोगरीपाली पुलिस को मुखबीर सूचना लीमपाली से सराईपाली जाने वाली कच्ची मार्ग में जाडू खैर के पास सड़क के किनारे एक व्यक्ति हाथ भट्ठी का बना कच्ची महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर धारा 160 CRPC का नोटिस जारी कर दो गवाहो को तलब कर मुखबीर की सूचना से अवगत करा कर गवाहो के साथ रेड़ किया जो लीमपाली से सराईपाली को जोड़ने वाली कच्ची मार्ग में जाडू खैर के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति को घेराबंदी कर रेड कर हाथ भट्ठी का बना कच्ची महुआ शराब बिक्री करते हुये पकड़ा.

मतदान केन्द्र पर बनेंगे वोटर सेल्फी जोन एवं होगी सेल्फी प्रतियोगिता

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर सेल्फी जोन बनेंगे एवं सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सेल्फी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र के समीप स्थापित सेल्फी पोस्टर के समक्ष अमिट स्याही युक्त तर्जनी अंगुली दिखाते हुए सेल्फी लेनी होगी। प्रतियोगिता में सेल्फी ही मान्य होगी अर्थात स्वयं के द्वारा खिंची गई फोटो। मतदान के दिन खिंची गई सेल्फी सीईओ कार्यालय को मतदान के पश्चात तीसरे दिवस की समाप्ति तक प्राप्त हो जानी चाहिए, इसके बाद मिली प्रविष्टि अमान्य होगी।

मुख्य आरक्षक केशव प्रसाद सेवानिवृत्त

रायगढ़। आबकारी विभाग रायगढ़ में कार्यरत मुख्य आरक्षक केशव प्रसाद देवता 34 वर्षों की सेवा अवधि के बाद सेवानिवृत हुए। मूलतः तमनार निवासी केशव प्रसाद देवता घरघोड़ा वृत्त में पदस्थ थे। कलेक्टोरेट रायगढ़ में केशव प्रसाद देवता को विदाई दी गई। इस मौके पर सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक ने कहा कि कहा कि सर्विस में प्रमोशन, ट्रांसफर आदि के बाद अंत में रिटायरमेंट का क्षण भी आता है, जब विभाग से विदाई दी जाती है।

2 अभ्यर्थी ने किया नाम निर्देशन पत्र जमा

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2019 के लिये लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 रायगढ़ (अ.ज.जा.) के लिए नाम निर्देशन फार्म जमा करने वालों में लालजीत सिंह राठिया-इंडियन नेशनल कांग्रेस, तारिकी तरंगिनी उरांव-निर्दलीय शामिल है। वहीं नामांकन फार्म प्राप्त करने वालों में कृपाशंकर भगत-भारतीय ट्रायबल पार्टी, वीरकुमार तिग्गा-बहुजन मुक्ति पार्टी शामिल है।

रेड क्वीन में सजा गरीब की बेटी का विवाह मंडप

रायगढ़। बेटी तो बेटी होती है चाहे वह निर्धन की बेटी हो या धनवान की। बेटी के सयानी होने पर हर पिता को उसके हाथ पीले करने की चिंता रहती है। कहते हैं कन्यादान जीवन का सबसे बड़ा दान होता है। इस दुनिया में ऐसे भी लोग हैं जो निर्धन की बेटी को अपनी बेटी मानकर कन्यादान का फर्ज अदा करते हैं। इनमें से एक हैं समाजसेवी इन्द्रपाल सिंह भाटिया (पम्मी)। सोमवार को रेडक्वीन परिवार की ओर से एक ऐसे ही निर्धन कन्या का पूरे सामाजिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया।

ऑनलाईन शॉपिंग ओएलएक्स में पुरानी कार खरीदने पेटीएम से भुगतान

न कार मिली न पैसा, 420 का अपराध दर्ज

रायगढ़। वर्तमान में हम विज्ञापन की दुनिया से घिरे हुये हैं। इन दिनों दैनिक समाचार पत्रों, मोबाईल एप्स के द्वारा ऑनलाईन शॉपिंग के जरिये लुभावन ऑफर, ज्यादा बचत इत्यादि बताकर लोगों की गाढ़ी कमाई ठग लेना ठगों के लिये काफी आसान हो चुका है।

ऐसी ही एक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट दिनांक 03.04.19 को थाना कोतरारोड़ में इंदिरानगर पुछापारा में रहने वाले मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया है। मनोज सिंह अपने मोबाईल में OLX एप में पुरानी कार बिक्री करने का एड देखकर जयपुर के जयकिशन नाम के व्यक्ति के मो.नं. 935144XXXX में संपर्क किया। कार की रकम कुल 104539 रूपये दिनांक 22.03.19 को मनोज सिंह, जयकिशन के कहने पर उसके पेटीएम अकांउट में जमा किया परन्तु अब तक मनोज सिंह को कार नहीं मिली है और न ही कार की रकम वापस मिली है। मनोज सिंह के रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का अपराध थाना कोतरारोड़ में जयकिशन एवं अन्य एक के विरूद्ध अप.क्र. 67/19 धारा 420, 34 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

इस धोखाधड़ी की घटना से सबक लिया जा सकता है कि ऑनलाईन खरीदी पश्चात रूपये ट्रांजेक्शन के पहले उस कम्पनी की प्रमाणिकता एवं विश्वश्नीयता की जांच कर ली जाये।

हम किसी भी ऑनलाईन शॉपिंग साईड/विज्ञापन के सत्यता एवं असत्यता को प्रमाणित नहीं करते किन्तु इस प्रकार की कम्पनियों से जुड़कर अक्सर ठग आपसे मोबाईल फोन के माध्यम से संपर्क कर धोखाधड़ी कर सकते हैं। यदि दुर्भाग्यवश आप धोखाधड़ी के शिकार होते हैं तो बिना विलम्ब किये स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

गर्मियों में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने मट्टी का बर्तन और कोटना का निःशुल्क वितरण

रितेश्वर महाराज की प्रेरणा से पूर्व सभपति सुरेश गोयल द्वारा लगातार 5 वर्षो से किया जा रहा यह नेककार्य

रायगढ़। रायगढ़ को दानवीरों की नगरी कहा जाता है। इस नगर को दरवीर सेठ स्व किरोड़ीमल के नाम से भी जाना जाता है। भीषण गर्मी के दिनों में बहुत सी समाजसेवी संस्थाओं द्वारा निःशुक्ल ठंडा पानी, शरबत आती वितरण किया जाता है।पूर्व सभपति और युवक संघ रामनिवास टाकिज चौक के संरक्षक सुरेश गोयल द्वारा लगातार 5 वर्षों से पशुओं और पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए गर्मियों में निशुल्क कोटना और मिट्टी का बर्तन का वितरण किया जाता है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम ही होगी।

बुधवार को रामनिवास टाकिज चौक में पूर्व विधायक रोशनलाल अग्रवाल और सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजू अग्रवाल द्वारा पूजा अर्चना कर इस वर्ष कोटना वितरण का श्रीगणेश किया। पूर्व सभपति सुरेश गोयल द्वारा प्रतिवर्ष 200 से अधिक कोटना (गाय के पानी पीने का बर्तन) और मट्टी का टेनिया (पक्षियों के पानी पीने के लिए) मंगाया जाता है। उनके द्वारा जगह-जगह चौक चौराहों पर तो यह रखाएं जाते ही है साथ ही लोगो को इसका निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। ताकि गर्मियों में पशु-पक्षी प्यासे न रहे।

पूर्व सभपति सुरेश गोयल अपने गुरु परमपूज्य रितेश्वर जी महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से लगातार 5 वर्ष से यह पुनीत कार्य कर रहे है।

पूर्व विधायक विजय अग्रवाल कल खोलेंगे अपने पत्ते

चुनाव में किसका साथ देंगे इस पर अभी भी सस्पेंस | भाजपा के पक्ष में हो सकता है निर्णय? | 4 अप्रैल को दोपहर साढ़े 3 बजे मंगलम होगा महत्वपूर्ण बैठक

रायगढ़। बीते विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा काफी रोचक रहा व घमासान रहा। यह स्थिति उस समय निर्मित हुई जब लंबे समय से पार्टी से जुड़े युवा तुर्क व पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने टिकट नहीं मिलने पर पार्टी के खिलाफ बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतर गये और देखते ही देखते रायगढ़ विधानसभा सीट महासंग्राम में बदल गया। वहीं कांग्रेस से प्रकाश नायक को टिकट मिलने से मुकाबला त्रिकोणी हो गया। और धीरे धीरे जमीनी कार्यकर्ता और पार्टी से रूष्ट हुए पार्षदों ने विजय के साथ हो लिए वहीं विजय अग्रवाल हर पोलिंग बूथ पर अपना चुनाव चिन्ह टीवी पहुंचा कर भाजपा को सख्ते में ला दिया। विजय अग्रवाल की बड़ती ताकत को देखते हुए प्रदेश के नेताओं के भी कान खड़े हो गये। यहां तक की विजय को बैठाने के लिए पार्टी के बड़े नेता रमन सिंह, सौदान सिंह व अमित शाह तक ने विजय अग्रवाल से

बात चीत करने की कोशिश की। जिस पर भी विजय अग्रवाल टस से मस नहीं हुए और वे आला कमान को बोल दिये कि वे चुनाव जीत रहे हैं और परिणाम चौकाने वाले थे। यहां भाजपा चुनाव हार गई लेकिन विजय अग्रवाल ने 42 हजार से अधिक मत पार कर सभी को चौका दिया और अपने परिणाम से बता दिया कि उनकी अनदेखी भाजपा को मंहगी पड़ी। जिसके बाद से विजय अग्रवाल पूरी तरह खामोशी के साथ आने वाले समय का इंतजार करते रहे। प्रदेश में भाजपा का पूरा सुपड़ा साफ होने पर विजय अग्रवाल सहित अन्य नेताओं की पूछ परख काफी बढ़ गई ।

अब बात करे लोकसभा चुनान के बिगुल बजने के साथ ही प्रदेश के कुछ बड़े नेताओं ने विजय से बात चीत कर घर वापसी करने को कहा है। इसपर विजय अग्रवाल ने अपने सभी शुभचिंतकों से बातचीत कर उनकी राय जानकर घोषणा की है कि कल 4 अप्रैल को पूरे विधान सभा के समस्त कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक दोपहर साढ़े 3 बजे रायगढ़ में गौशाला के पास मंगलम में रखी गई है। विजय अग्रवाल ने रायगढ़ विधानसभा के अपने समस्त समर्थकों को उक्त बैठक में शामिल होने का आव्हान किया। खास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता ओपी चौधरी व युद्धवीर सिंह जूदेव ने विजय अग्रवाल के निवास पर उनसे संपर्क किया है। इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए संभावना है कि कल विजय अग्रवाल भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन देने की घोषणा कर सकते हैं।

कैलाशपति धाम में नवरात्रि की तैयारियां शुरू

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 6 को देवी दुर्गा के नौ रूपों की होगी आराधना

रायगढ़। देवी आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र इस वर्ष 6 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेगा 9 दिनों तक अखंड ज्योति के आलोक में देवी मंदिर जगमगाएंगे शहर के देवी मंदिरों सहित हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के लिए पंडरीपानी स्थित कैलाश पति धाम में विशेष हवन पूजन तथा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

नवरात्रि के पर्व को देवी दुर्गा के नौ रूपों की विशेष आराधना का उत्सव माना जाता है। मां भगवती के नौ रूपों के विषय में देवी भागवत और देवी महात्म्य में विस्तार से वर्णन किया है। यह रूप कौन-कौन से हैं इनमें से प्रत्येक रूप की आराधना का क्या विधान है देवी के नौ रूपों के संबंध में एक श्लोक के रूप में इसका वर्णन है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्परता सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480